**(GCF-3, MCF-1 & SCF-2)**

**DATE: 10.10.2019** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) दीर्घकाल में:–
- (a) केवल माँग परिवर्तित हो सकती है।
- (b) केवल पूर्ति परिवर्तित हो सकती है।
- (c) माँग एवं पूर्ति दोनों परिवर्तित हो सकती है।
- (d) इनमें से कोई नहीं

(2) बाजार में कीमत तथा उत्पादन का साम्य निर्धारित होता है:
- (a) कुल लागत वक्र व कुल आगम वक्र से
- (b) कुल लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (c) सीमान्त लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (d) केवल सीमान्त लागत वक्र से

(3) अर्थशास्त्र अध्ययन है –
- (a) समाज किस प्रकार अपने असीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (b) अपनी आवश्यकताओं को किस प्रकार कम किया जाये, ताकि वह संतुष्ट हो सके
- (c) समाज किस प्रकार अपने सीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (d) अपनी सीमित आवश्यकताओं को कैसे पूर्णतः संतुष्ट करना है

(4) यदि माँग––––––––है तो कीमत घटने पर कुल व्यय––––––––
- (a) पूर्णतया लोचदार, बढ़ता है
- (b) लोचदार, बढ़ता है
- (c) लोचदार, घटता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) उपयोगिता को नहीं मापा जाता है–
- (a) धन में
- (b) मूल्य में
- (c) सन्तुष्टी
- (d) ए और बी दोनों

(6) यदि किसी वस्तु के उपभोग से उपभोक्ता को 320 संतुष्टी प्राप्त होती है, जबकि उसकी कीमत 180 रुपये है तो उपभोक्ता की बचत होगी–
- (a) 180
- (b) 200
- (c) 140
- (d) 500

(7) निम्न में से कौनसा एक उद्यमी का उद्देश्य है :–
- (a) आर्थिक उद्देश्य
- (b) सामाजिक उद्देश्य
- (c) राष्ट्रीय उद्देश्य
- (d) उपरोक्त सभी।

(8) अर्थशास्त्र में उत्पादन का अर्थ नहीं है :–
- (a) उपयोगिता का सृजन
- (b) उपयोगिता को बढ़ाना
- (c) पदार्थ का सृजन
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(9) सीमान्त लागत में वृद्धि उत्पादन को__________है तथा सीमान्त आगम में वृद्धि उत्पादन को________है।
- (a) घटाता है, घटाता है
- (b) घटाता है, बढ़ाता है
- (c) बढ़ाता है, बढ़ाता है
- (d) बढ़ाता है, घटाता है

(10) एक फर्म की मान्यता है कि लागत__________है तथा लाभ__________ है।
- (a) चुकाना, की इच्छा
- (b) चुकाना, बनाना
- (c) चुकाना, कमाना
- (d) घटाना, बढ़ाना

(11) विक्रय लागतों में शामिल है :–
- (i) विज्ञापन लागत
- (ii) परिवहन लागत
- (iii) उपभोक्ताओं के लिए डिस्काउंट ऑफर
- (iv) विक्रेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि
- (a) केवल (i)
- (b) (i), (ii) तथा (iv)
- (c) (i), (iii) तथा (iv)
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(12) सन्तुलन की अवस्था वह है, जहां –
- (a) सरकारी नियंत्रण नहीं होता
- (b) क्रेता व विक्रेता दोनों अपने व्यवहार को बदलना नहीं चाहते
- (c) मांग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है
- (d) पूर्तिवक्र पूर्णतया लोचदार होता है।

(13) वह समय अवधि जिसमें उद्योग में ना तो नई फर्म प्रवेश कर सकती है और ना ही बर्हिगमन कर सकती है–
- (a) अल्पकाल
- (b) मध्यम काल
- (c) दीर्घकाल
- (d) अतिदीर्घकाल

(14) मिश्रित अर्थव्यवस्था में स्थित निजी उद्योगों का उद्देश्य होता है :–
- (a) लाभ
- (b) कल्याण
- (c) दोनों
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(15) उपयोगिता की गणनावाचक विचारधारा के अनुसार मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता________
- (a) शून्य होती है
- (b) स्थिर होती है
- (c) बढ़ती हुई होती है
- (d) घटती हुई होती है

(16) उपभोक्ता की बचत का कारण है :–
- (a) सीमान्त उपयोगिता मूल्य से अधिक होती है।
- (b) सीमान्त उपयोगिता मूल्य के बराबर होती है।
- (c) सीमान्त उपयोगिता मूल्य से कम होती है।
- (d) सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है।

(17) उदासीनता वक्र विश्लेषण लागू होता है, क्योंकि –
- (a) जैसे ही हम उदासीनता वक्र पर नीचे की तरफ जाते है, तो प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर घटती है।
- (b) प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर समान रहती है।
- (c) प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर बढ़ती है।
- (d) उपभोक्ता की बचत घटती है।

(18) एक फर्म द्वारा विक्रय लागतों पर खर्च बढ़ाने से मांग पर जो प्रभाव पड़ता है, वह कहलाता है :–
- (a) मांग की लोच
- (b) पूर्ति की लोच
- (c) विज्ञापन की लोच
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(19) बाजार का अध्ययन करके तथा उपभोक्ता के व्यवहार पर प्रयोग के बाद भविष्य में मांग का अनुमान लगाना कहलाता है :–
- (a) बाजार अनुसंधान विधि
- (b) बाजार प्रयोग विधि
- (c) उपभोक्ता व्यवहार विधि
- (d) बाजार प्रतिक्रिया विधि

(20) निम्न में से क्या आर्थिक उद्देश्य के बारे में सही नहीं है ?
- (a) इसे मुद्रा में मापा जा सकता है।
- (b) इसे मुद्रा से सम्बन्धित किया जा सकता है।
- (c) यह भावनात्मक सम्बन्धों पर आधारित है।
- (d) राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित होते है।

(21) पूर्ति की चाप लोच का सूत्र है :–
- (a) $\frac{q_1 - q_2}{q_1 + q_2} \times \frac{p_1 + p_2}{p_1 - p_2}$
- (b) $\frac{\Delta Q}{Q} \times \frac{P}{\Delta P}$
- (c) $\frac{q_2 - q_1}{q_2 + q_1} \times \frac{p_1 + p_2}{p_2 - p_1}$
- (d) (a) व (b) दोनों

(22) निम्न में से कोनसी विचारधारा मांग के नियम को व्यक्त करने में मदद नहीं करती हैं?
- (a) गणनावाचक विचारधारा
- (b) क्रम वाचक विचारधारा
- (c) (a) व (b) दोनो
- (d) (a) व (b) दोनो नहीं

(23) औसत लागत वक्र के न्यूनतम बिंदु पर कौनसा वक्र नहीं काटता है–
- (a) सीमान्त लागतवक्र
- (b) औसत स्थिर लागत वक्र
- (c) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
- (d) (b) व (c) दोनों

(24) यदि दो वस्तुए पूर्णत असंबधित हो तब प्रतिकार लोच होगी।
- (a) 0
- (b) 1
- (c) अपरिमित
- (d) कोई नही।

(25) पूर्ति का संकुचन सम्बन्धित वस्तु के मूल्य में कमी का परिणाम है।
- (a) सत्य
- (b) लगभग सत्य
- (c) असत्य
- (d) इनमें से काई नहीं

(26) सीमान्त उपयोगिता किसी भी वस्तु की मात्रा पर निर्भर होती है तथाः
- (a) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात के होती है
- (b) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात नही होती है
- (c) मात्रा में स्वतंत्र होती है
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(27) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के अन्तर्गत, द्वितीय अवस्था में TP बढ़ता है :–
- (a) बढ़ती हुई दर से
- (b) घटती हुई दर से
- (c) स्थिर दर से
- (d) ऋणात्मक दर से।

(28) AVC का आकार होता है :–
- (a) क्षैतिज रेखा
- (b) ऋणात्मक ढलुआ
- (c) उत्तल
- (d) U आकार

(29) निम्न में से किसको एक बाजार प्रणाली का प्रयोग करते हुए संसाधनों के आवंटन की एक हानि माना जायेगा–
- (a) आय असमान रूप से वितरण की ओर प्रवृत्त होगी
- (b) लोगों को अपनी पंसद का माल नहीं मिलता
- (c) उद्यमी तथा पहल करने वाले आदमियों को पुरस्कार नहीं मिलता
- (d) लाभ नीचे की ओर उद्यत होंगे

(30) प्रशासित मूल्य होते है।
- (a) माँग व पूर्ति की शक्तियों से निर्धारित मूल्य
- (b) बाजार में विक्रेताओं द्वारा तय किये गये मूल्य
- (c) सरकार द्वारा तय किये गये मूल्य
- (d) इनमें से कोई नहीं

(31) यदि केले की कीमत 8रू से बढाकर 10रू प्रतिदर्जन हो गई ओर पूर्ति 80 दर्जन से 100 दर्जन तक की गई तो पूर्ति की लोच होगी।
- (a) .70
- (b) –.67
- (c) -1
- (d) 1

(32) किसी भी वस्तु की माँगी गयी मात्रा में विस्तार तथा संकुचन परिणाम है :–
- (a) वस्तु के मूल्य में परिवर्तन
- (b) वस्तु के गुणवत्ता में परिवर्तन
- (c) सस्ते प्रतिस्थापनों की उपलब्धता के कारण
- (d) उपभोक्ता की आय में वृद्धि के कारण

(33) गणनावाचक विचारधारा को कहाँ जाता हैं।
- (a) उदासीनता वक्र विश्लेषण
- (b) हिक्स तथा ऐलन विचारधारा
- (c) सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण
- (d) उपरोक्त सभी

(34) निम्न में से कौनसा सिद्धान्त यह व्याख्या करता है कि जैसे जैसे उपभोक्ता किसी वस्तु का निरन्तर उपभोग करता हैं हर अतिरिक्त इकाई के उपभोग के साथ वस्तु से प्राप्त उपयोगिता घटती चली जाती हैं।
- (a) सम–सीमान्त उपयोगिता नियम
- (b) क्रमवाचक उपयोगिता का नियम
- (c) सीमान्त उपयोगिता का नियम
- (d) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम

(35) उपभोक्ता साम्य में............................और सीमान्त उपयोगिता के बराबर होने पर होता हैं।
- (a) वस्तु की मांग
- (b) वस्तु की पूर्ति
- (c) वस्तु का मूल्य
- (d) उपरोक्त सभी

(36) तटस्थता वक्र विश्लेषण की मान्यता नही है।
- (a) तटस्थता वक्र बॉयी ओर ऋणात्मक ढाल वाली होती है।
- (b) तटस्थता वक्र मूल बिन्दू की ओर अधोगामी ढाल के होते है।
- (c) तटस्थता वक्र आपस में एक दूसरे को नही काटते।
- (d) एक उच्च तटस्थता वक्र निम्न तटस्था वक्र की तुलना में अधिक संतुष्टि बताता है।

(37) फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
- (a) TR = TC हो
- (b) MR = MC हो
- (c) MC और AC न्यूनतम हो
- (d) AC न्यूनतम हो

(38) ह्रासमान सीमान्त प्रतिफल से आशय है–
(a) ह्रासमान औसत परिवर्तनशील लागतें
(b) ह्रासमान सीमान्त लागतें
(c) ह्रासमान सीमान्त उत्पाद
(d) ह्रासमान औसत स्थिर लागतें

(39) _________उत्पादन की अस्पष्ट लागत है।
(a) उद्यमी की अवसर लागत
(b) विद्युत व्यय
(c) स्वयं की भूमि का लगान
(d) (a) व (c) दोनों

(40) यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
(a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
(b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
(c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्धि के कारण न खरीदा गया हो।
(d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए।

(41) वह अर्थशास्त्री जिसने कॉब–डगलस उत्पादन फलन दिया था, वो_________था।
(a) जापानी
(b) जर्मन
(c) ब्रिटिश
(d) अमेरिकन

(42) मूल्य नेतृत्व अल्पाधिकार के किस प्रकार में पाया जाता है?
(a) पूर्ण अल्पाधिकार
(b) आंशिक अल्पाधिकार
(c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
(d) संगठित अल्पाधिकार

(43) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के अन्तर्गत पूर्ति वक्र होता है–
(a) औसत लागत वक्र
(b) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
(c) सीमान्त लागत वक्र
(d) औसत आगम वक्र

(44) जब माँग और पूर्ति दोनों में समान अनुपातिक कमी हो, तब साम्य मूल्य_________होगा।
(a) स्थिर
(b) बढ़ेगा
(c) गिरेगा
(d) इनमें से कोई नहीं।

(45) पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत फर्म का मांग वक्र होता है–
(a) क्षैतिज रेखा, एक्स अक्ष के समानान्तर
(b) लम्बवत रेखा, वाई अक्ष के समानान्तर
(c) ऋणात्मक ढाल
(d) मोडदार

(46) इनमें से कौनसा अल्पाधिकार पर लागू नही होता?
- (a) कुछ विक्रेता
- (b) विक्रेताओं में अन्तर निर्भरता
- (c) केवल एक क्रेता
- (d) विक्रेताओं में समूह व्यवहार

(47) पूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में एक फर्म –
- (a) सामान्य लाभ कमाती है
- (b) असामान्य लाभ कमाती है
- (c) हानि होती है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(48) अल्पाधिकार के मोड़दार मांगवक्र विचारधारा में मोड़.......................के कारण बनता है
- (a) वर्तमान मूल्य
- (b) भूतकालीन मूल्य
- (c) वर्तमान मूल्य से कम
- (d) उद्‌गम

(49) किसी भी फर्म का सीमान्त उत्पाद होता है–
- (a) फर्म के कार्यकुशल कर्मचारियों का गुणन
- (b) फर्म के औसत कार्यकुशल कर्मचारियों का गुणन
- (c) किसी घटक से प्राप्त अतिरिक्त उत्पादन
- (d) उपरोक्त कोई भी

(50) चार इकाईयों की औसत स्थिर लागत रुपये 20 है तथा 5 इकाईयों की औसत परिवर्तनशील लागत रुपये 40 है, तो 5 इकाईयाँ उत्पादित करने की औसत लागत बताइये–
- (a) Rs. 20
- (b) Rs. 40
- (c) Rs. 56
- (d) Rs. 60

(51) जब TR अधिकतम होता है–
- (a) तब AR शून्य होता है
- (b) तब MR शून्य होता है
- (c) MR और AR दोनों शून्य होते हैं
- (d) MR = AR होता है

(52) यदि पूर्ति में वृद्धि मांग में वृद्धि से अधिक हो, तो साम्य मूल्य–
- (a) घटेगा
- (b) बढ़ेगा
- (c) कोई परिवर्तन नहीं
- (d) निर्धारित नहीं कर सकते

(53) 19वीं शताब्दि तक अर्थशास्त्र को कहा जाता था–
- (a) सूक्ष्म अर्थव्यवस्था
- (b) विश्व अर्थव्यवस्था
- (c) संकीर्ण अर्थव्यवस्था
- (d) राजनैतिक अर्थव्यवस्था

(54) सर राबर्ट गिफिन––––––––––अर्थशास्त्री थे–
- (a) स्कॉटिश
- (b) चाइनीज
- (c) जापानीज
- (d) अमेरिकी

(55) ATC का सूत्र है–
- (a) $\frac{TFC}{Q}+\frac{TVC}{Q}$
- (b) $\frac{TFC}{Q}-\frac{TVC}{Q}$
- (c) $TFC-TVC$
- (d) $TFC+TVC$

(56) 1930 की महामंदी––––––––में शुरू हुई थी–
- (a) जापान
- (b) भारत
- (c) यू.एस.ए.
- (d) पाकिस्तान

(57) पूर्ण प्रतियोगिता में लाभ अधिकतम की शर्त निम्न होती है तथा मूल्य विभेद में नहीं होती है –
- (a) MR > MC
- (b) MR = MC
- (c) MR < MC
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(58) अल्पाधिकार में लोच––––––––––होती है–
- (a) लोचदार
- (b) बेलोचदार
- (c) इकाई के बराबर लोच
- (d) (a) व (b) दोनों

(59) औधोगिक उत्पाद की पूर्ति लोच होती है–
- (a) e > 1
- (b) e < 1
- (c) e = 1
- (d) e = 0

(60) भूमि–––––––––होती है–
- (a) अनाशवान
- (b) निक्रीय साधन
- (c) अगतिशील
- (d) उपरोक्त सभी

(61) वाणिज्यिक जागरूकता में शामिल है–
- (a) व्यवसाय कैसे पैसे कमाता है
- (b) ग्राहक क्या चाहते है
- (c) व्यवसाय के विशेष क्षेत्रों में क्या समस्याऐं हैं
- (d) उपरोक्त सभी

(62) HUF के होते हैं–
(a) सभी व्यक्तियों तथा अविवाहित बेटियों सहित एक सामान्य पूर्वज के वंशज हैं
(b) पत्नियों और अविवाहित बेटियों को छोड़कर, सभी व्यक्ति एक सामान्य पूर्वज से वंशज हैं
(c) सभी पुरुष सदस्य एक सामान्य पूर्वज से वंशज थे
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(63) आयकर अधिनियम के तहत, A HUF इससे आय अर्जित नहीं कर सकता है:
(a) घर की संपत्ति
(b) वेतन
(c) मुनाफे
(d) अन्य स्त्रोत

(64) ...................... एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक फर्म या संगठन अपने सम्बन्धित पर्यावरण का अध्ययन करके अवसरों व खतरों की जॉच कर सकते है जो की उनके व्यवसाय को प्रभावित कर सकते है।
(a) पूर्वानुमान
(b) मूल्याकन
(c) अवलोकन
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(65) बिजनेस एनवायरनमेंट–––––––––का प्रतिनिधित्व करता है जो फर्म द्वारा लिए गए व्यावसायिक निर्णयों पर कुछ हद तक प्रभाव डालता है।
(a) आंतरिक बल
(b) बाहरी बल
(c) वित्तीय बल
(d) राष्ट्रीय बल

(66) निम्नलिखित में से कौन व्यावसायिक पर्यावरण की विशेषता नहीं रखता है?
(a) उत्पादन के तरीके
(b) जटिलता
(c) अनिश्चितता
(d) सापेक्षता

(67) किस प्रकार के उद्यम को पर्यावरण की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है?
(a) छोटे उद्यम
(b) मालिकाना फर्म
(c) माइक्रो एंटरप्राइजेज
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(68) संगठन के पर्यावरण के खतरों और अवसरों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है–
(a) पर्यावरणीय प्रभाव
(b) पर्यावरण अर्थशास्त्र
(c) पर्यावरण नियोजन
(d) पर्यावरणीय स्कैनिंग

(69) बाहरी पर्यावरणीय स्कैनिंग में, कर विधान, सामाजिक सुरक्षा विधान और कर प्रावधानों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है–
(a) भौगोलिक प्रभाव
(b) सरकारी प्रभाव
(c) आर्थिक प्रभाव
(d) तकनीकी प्रगति

(70) तात्कालिक वातावरण जिसके साथ फर्म संचालित होती है –
(a) सूक्ष्म पर्यावरण
(b) व्यापक पर्यावरण
(c) बाहरी वातावरण
(d) परिधीय पर्यावरण

(71) जनसंख्या के आय वितरण का विश्लेषण नीचे आता है–
(a) आर्थिक वातावरण
(b) सामाजिक पर्यावरण
(c) कानूनी वातावरण
(d) जनसांख्यिकीय पर्यावरण

(72) पर्यावरण के प्रति गतिशील प्रतिक्रिया किस दृष्टिकोण की है?
(a) कॉन्फिडेंट दृष्टिकोण
(b) रूढ़िवादी दृष्टिकोण
(c) सतर्क दृष्टिकोण
(d) सावधान दृष्टिकोण

(73) निम्नलिखित में से कौन सा वैश्वीकरण द्वारा उत्पन्न व्यापार अवसर नहीं है?
(a) कम लागत वाले श्रम तक पहुंच
(b) सस्ता अंतर्राष्ट्रीय परिवहन
(c) मुद्रा संकट
(d) व्यावसायिक पर्यावरण के कम कड़े नियम

(74) NESTLE किस पेय प्रदार्थ कम्पनी की साझेदार है
(a) कोका–कोला इण्डिया
(b) पेप्सी को इण्डिया
(c) रेड बुल इण्डिया
(d) डॉबर इण्डिया

(75) निम्न में से कौन गेल इण्डिया की सहयोगी संस्था नही है:
(a) सेन्ट्रल कोल फील्ड लिमिटेड
(b) महानदी कोल फील्ड लिमिटेड
(c) वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड
(d) श्रसपुत्र केकर एण्ड पॉलीमर लिमिटेड

(76) अमेरिकन एक्प्रेस को Fortune द्वारा 17वीं प्रमुख Admired कम्पनी का अवार्ड दिया गया।
(a) 2014
(b) 2015
(c) 2016
(d) 2017

(77) L & T का मुख्यालय कहॉ पर है
(a) बैगलूरू
(b) दिल्ली
(c) मुम्बई
(d) चेन्नई

(78) Infosys द्वारा निर्मित वैश्विक बैकिंग प्लेट फार्म कहलाता है।
(a) माना
(b) Finical
(c) SKAUA
(d) Panay cloud site

(79) किसी निर्णय को लेने के लिए हमे क्रियाऐ करनी पडती हैः–
(a) एक
(b) विशिष्ट
(c) आर्थिक
(d) एक से अधिक

(80) वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
(a) ग्रीन चैनल
(b) प्राथमिक मार्ग
(c) गैर व्यवसायिक मार्ग
(d) स्वचालित मार्ग

(81) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने परिचालन को उन राष्ट्रों की––––––––के अनुसार संरेखित करना पड़ता है, जहां से वे काम करते हैं–
(a) सरकार की नीति
(b) सार्वजनिक नीति
(c) व्यापार नीति
(d) बाजार नीति

(82) गैब्रियल आलमंड ने एक के विचार को लोकप्रिय बनाया
(a) राजनीतिक संस्कृति
(b) सामाजिक संस्कृति
(c) राजनीति–नीति संबंध
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक विधायी प्रस्ताव को एक कानून बनाने वाली संस्था के समक्ष लाया जाता है और फिर भूमि के कानून में अनुवादित किया जाता है–
- (a) पॉलिसी प्रारूपण
- (b) कानून बनाना
- (c) कानून पेश करना
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(84) एक विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक कौन नहीं हो सकता है?
- (a) सरकारें या सरकारी एजेंसियां,
- (b) संपदा, ट्रस्ट या अन्य संगठन,
- (c) असिंचित निजी या सार्वजनिक उद्यम
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(85) निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
- (a) प्रकृति में सट्टा
- (b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
- (c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
- (d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

(86) वर्ष में एकल खुदरा बिक्री में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति थी:
- (a) 2012
- (b) 2010
- (c) 1999
- (d) 1997

(87) आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है–
- (a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
- (b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
- (c) इसका एक उद्देश्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

(88) बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है–
- (a) नाबार्ड
- (b) सिडबी
- (c) आई.डी.बी.आई
- (d) सेबी

(89) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
- (a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है
- (b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
- (c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
- (d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(90) निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
- (a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
- (b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
- (c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
- (d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

(91) निम्नलिखित में से कौन सा देश का मौद्रिक प्राधिकरण है?
- (a) देश की सरकार
- (b) देश की बैंकिंग प्रणाली
- (c) देश का केंद्रीय बैंक
- (d) ये सभी

(92) जब कोई कंपनी पहली बार सार्वजनिक रूप से नए स्टॉक और बॉन्ड बेचती है, तो वह ऐसा करता है–
- (a) स्टॉक मार्केट
- (b) प्राथमिक बाजार
- (c) सेकेंडरी मार्केट
- (d) निवेश बाजार

(93) ————————————की दर जिस पर बैंक आरबीआई से सरकारी प्रतिभूतियों की प्रतिज्ञा या बिक्री के लिए RBI से धन उधार लेता है–
- (a) डिमांड रेट
- (b) ब्याज दर
- (c) रेपो रेट
- (d) रिवर्स रेपो दर

(94) निम्नलिखित शिकायतों में सेबी द्वारा निपटा नहीं गया–
- (a) आरबीआई, IRDA, PFEDA, CCI, FMC आदि नियामक संस्थाओं के दायरे में आने वाली शिकायतें
- (b) पेंशन फंड के संबंध में शिकायतें
- (c) जिंसों के संबंध में शिकायतें
- (d) उपरोक्त सभी

(95) एक व्यवसाय के द्वारा तुलनात्मक छोटे बाजार में के शोषण के लिए किये गये प्रयास कहलाते है।
- (a) Niche marketing
- (b) Mass marketing
- (c) Market Segmentation
- (d) Market positioning

(96) ................................ एक तकनीकी है जिसके माध्यम से बैंकिग संस्थाऐ धन हस्तान्तरण व अन्य लेनदेनों के लिए कम्प्यूटर या इन्टरनेट का प्रयोग करते है।
- (a) E-Cash
- (b) Digi-Cash
- (c) Hedge
- (d) Cap

(97) म्यूचुअल फण्ड क्या है
- (a) विशेषज्ञों द्वारा मुद्रा का प्रबंधन करना और और उसे शेयर बाजार बॉण्ड्स आदि में लगाना
- (b) अंशो की संख्या जो कि ढेरी के आकार से कम या अधिक हो परन्तु समान नही
- (c) किसी कम्पनी का पहला अंश वितरण
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(98) ––––––कुछ ऐसा है जो दो देशों के बीच व्यापार को मुश्किल और महंगा बनाता हैः
- (a) बेंचमार्किंग
- (b) व्यापार में बाधाएं
- (c) प्रवेश के लिए बाधाऐं
- (d) क्रॉस सेलिंग

(99) थोड़े समय के लिए एक अपेक्षाकृत उच्च कीमत चार्ज करना जहां एक नया, अभिनव, या बहुत बेहतर उत्पाद बाजार में लॉन्च किया जाता है उसे कहा जाता हैः
- (a) बिक्री संवर्धन
- (b) मूल्य स्किमिंग
- (c) मूल्य संवेदनशीलता
- (d) अद्वितीय बिक्री मूल्य

(100) बिक्री से कुल राजस्व जो खर्च किए गए खर्च के बराबर हैः
- (a) ब्रेकइवन प्वाइंट
- (b) शटडाउन बिंदु
- (c) दोनों (ए) और (बी)
- (d) इनमें से कोई नहीं

***